दिनांकः 02.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक–इस्राइल, अमरीका और ईरान के संघर्ष के मद्देनज़र बदलते वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए ये बैठक हुई।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–सरकार जल्द ही नया बीज अधिनियम और संशोधित कीटनाशक अधिनियम लागू करेगी।
- प्रदेशभर में होली पर्व का उल्लास–सरकार ने गोकाष्ठ से स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल होलिका दहन की अपील की।
- टी–20 क्रिकेट विश्वकप में, वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा।

.....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अपने आवास पर **कैबिनेट सुरक्षा समिति** की बैठक की अध्यक्षता की। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बैठक में शामिल हुए। कैबिनेट सुरक्षा समिति सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर देश की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक ईरान के साथ इस्राइल–अमरीका के बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर बदलते वैश्विक परिदृश्य पर की गई है।

इस बीच, पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए नागर विमानन मंत्रालय का **यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष** यात्रियों की शिकायतों का समाधान कर रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एयरसेवा पोर्टल तथा हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों को भारतीय दूतावासों के हेल्पलाइन नम्बर बताए जा रहे हैं। यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर **011–24 60 42 83** और **011–24 63 29 87** पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

इधर, प्रदेश से खाड़ी देशों में गये कामगारों के परिवारों में भी चिंता व्याप्त हो गई है। इसके साथ ही खाड़ी देशों में घूमने गये लोगों के परिजन भी उनकी वापसी के लिए उड़ानों की बहाली को लेकर इंतजार कर रहे हैं।

.........................

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों के हित में दो बड़े सुधार लागू करने जा रही है। इनमें नया बीज अधिनियम और संशोधित कीटनाशक अधिनियम शामिल हैं। कृषि मंत्री कल उत्तराखंड में एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक भारत पहल के तहत किसानों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक जानकारी देने के लिए एआई आधारित प्रणाली विकसित की गई है।

..............

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन में अब एक स्कैन पर पुलिस सहायता मिल सकेगी। महिला सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस, तकनीक आधारित ये पहल राजकॉप सिटीज़न एप के जरिये करने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर लॉंच होने वाली इस सुविधा के लिए बसों, ऑटो, टैक्सी और अन्य सार्वजनिक साधनों में क्यूआर कोड के पोस्टर और स्टीकर चिपकाने का विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। इसका उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। इससे मात्र एक क्लिक से लोकेशन सीधे पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच जाती है, जिससे तुरंत पुलिस सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

.........................

जयपुर में तीन दिन की राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट कल सम्पन्न हुई। समारोह को संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने साझेदारी की शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समिट में स्टार्टअप्स, निवेशकों, नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों

के बीच हुई चर्चा से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भागीदारी का माहौल तैयार हुआ है। श्री सुरपुर ने कहा कि इससे राज्य में स्टार्टअप ईको सिस्टम को मजबूती मिलेगी। समापन समारोह में पिच बैटल के विजेता स्टार्टअप्स को पुरस्कृत किया गया। राजस्थान के कैपक्सा डायनामिक्स को पहला पुरस्कार मिला है।

........................

आज होली पर्व है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन मध्य रात्रि में किया जाएगा। इसके बाद कुछ स्थानों पर कल और कहीं–कहीं परसों धुलण्डी खेली जाएगी। होलिका दहन के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारियों और मिठाईयों की खरीदारी की जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में भी विशेष झांकियां सजाई गई हैं और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। राजसमंद के द्वारिकाधीष मंदिर में 84 खंभ झांकी के दर्शन करने के लिए पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं फागोत्सव से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। करौली के मदनमोहन मंदिर में भी श्रद्धालु आस्था और भक्ति के साथ फाग गाते नजर आ रहे हैं। उधर, बाड़मेर के सनावड़ा, नांद और सोड़ियार सहित अन्य गावों में गेर नृत्य की धूम है। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न अनूठी परम्पराओं के साथ होली पर्व मनाया जा रहा है। बालोतरा में भी चंग ढप की गूंज है।

......................

इस बीच, पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ के उपयोग पर ज़ोर दिया है। श्री कुमावत ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की दिशा में गोकाष्ठ का धुंआ सहायक है।

......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को होली तथा धुलण्डी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मिलजुलकर मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक होली का त्यौहार सभी भेदभाव भुलाकर समाज में एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का आग्रह किया है।

होली पर्व पर बढ़े हुए यात्रीभार को देखते हुए उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से कई विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत स्टेशन परिसर में अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं।

.............................

टी–20 क्रिकेट विश्वकप में, भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गये मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 4 गेंद बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली। इसमें संजू सैमसन की 97 रन की शानदार पारी का योगदान रहा। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई में बृहस्पतिवार को होगा। इन दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।